दिनांक : 17.02.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री ने कहा भारत का कपड़ा क्षेत्र के निर्यात को 2030 तक 9 लाख करोड़ तक पहुंचाने का है लक्ष्य।
- प्रदेश के 10 नगरों में भूमि रिकार्ड प्रबंधन के लिए नक्शा कार्यक्रम की कल से होगी शुरूआत।
- मुख्यमंत्री आज मुरैना में कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल। घड़ियाल अभ्यारण्य का करेंगे दौरा।
- भोपाल में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में एक जिला एक उत्पाद की लगेगी विशेष प्रदर्शनी।

पीएम वस्त्र उद्योग - भारत टेक्स 2025

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की सांस्कृतिक विविधता देश के विभिन्न भागों में बनने वाले वस्त्रों में झलकती है। कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स 2025 में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि फार्म, फाइबर, फैब्रिक, फैशन और फॉरेन का विजन एक मिशन बन गया है और यह भारत के विकास के विभिन्न क्षेत्रों का विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आज छठा सबसे बड़ा कपड़ा और परिधान निर्यातक देश है। उन्होंने कहा कि कपड़ा क्षेत्र में भारत का निर्यात वर्तमान में तीन लाख करोड़ रुपये है और इसे 2030 तक इसे नौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

भारत टेक्स 2025, एक प्रमुख वैश्विक कार्यक्रम है, इसका आयोजन 14 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों और सहायक उपकरणों सहित संपूर्ण कपड़ा मूल्य श्रृंखला को एक छत के नीचे लाता है।

नक्शा कार्यक्रम

केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग ने डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत "नक्शा" ("NAKSHA" National Geospatial Knowledge&based Land Survey of Urban Habitations) कार्यक्रम शुरू किया है। इसका उद्देश्य शहरी भूमि रिकार्ड्स के निर्माण और प्रबंधन में क्रांति लाना है। साथ ही शहरी भूमि रिकार्ड्स के लिये व्यापक डाटाबेस तैयार करना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल ड्रोन की उड़ान के साथ रायसेन जिले से "नक्शा" कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। साथ ही प्रदेश में "वाटरशेड यात्रा" को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। "नक्शा" कार्यक्रम को देश के 152 नगरों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जा रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश के 9 जिलों के 10 नगर शाहगंज, छनेरा, अलीराजपुर, देपालपुर, धार कोठी, मेघनगर, माखन नगर , विदिशा, सांची और उन्हेल शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री बजट

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मध्य प्रदेश का बजट केंद्र सरकार के बजट की झलक रहेगी और यह बजट भी सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी होगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा कल उज्जैन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होने केंद्रीय बजट के मुख्य प्रावधानों पर प्रकाश डाला ओर कहा कि इस बजट में विकसित भारत के साथ आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना की गई है। सरकार ने देश के युवाओं के भविष्य के लिए मध्यम वर्ग को सर्वाधिक महत्व दिया है। प्रदेश को बजट में विशेष प्रोत्साहन मिला है और 2000 नई मेडिकल सीटों का प्रावधान किया गया है।

अच्छी खबर- अशोकनगर

सुंदर सजीली साड़ी की बात अगर आती है तो चंदेरी साड़ी का नाम प्रमुख रूप से लिया जाता है। अशोकनगर जिले की चंदेरी वस्त्रों के अलावा पुरातत्व संपदा, बुंदेली संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता भी समेटे हुए है। इन सब विशेषताओं को देखते हुए मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड ने चंदेरी में कई सुविधाए उपलब्ध कराई हैं। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपार्ट................

*वाइस-1, चंदेरी में प्राकर्तिक वातावरण के बीच पर्यटकों को रुकने के लिए टेंट सिटी बनाई गई है। जहां शाम को समय सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की जाती है। पर्यटको को लुभाने एडवेंचर गतिविधियां भी संचालित की जा रही है। अशोकनगर जनसंपर्क संचालक एस एम सिद्दीकी ने बताया:-*

*बाइट-एस एम सिद्दीकी*

*वाइस-2, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल से सेलानी भी उत्साहित है आधे चंदेरी की टेंट सिटी सैलानियों को लुभा रही है एक पर्यटक आशीष ने बताया:*

*वाइस-3, जाहिर द्वापर काल की नगरी चंदेरी को समझने का मौका सैलानियों को मिल रहा है। भारत की पुरातन विरासत, संस्कृति, पहनावा, वेशभूषा और ग्रामीण परिवेश से सेलानी परिचित हो रहे हैं । मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड का उद्देश सफल हो रहा है । चंदेरी की टेंट सिटी काफी प्रशंसा बटोर रही है। अशोकनगर चंदेरी से डॉक्टर नीरज शुक्ला की रिपोर्ट।*

भूकंप दिल्ली

नई दिल्ली और उत्तर भारत के कई हिस्सों में आज सुबह चार दशमलव शून्य तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय सीस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार, भूकंप सुबह पांच बजकर 36 मिनट पर आया और इसका केंद्र दिल्ली के पास पांच किलोमीटर की गहराई पर बताया जा रहा है। राष्ट्रीय सीस्मोलॉजी केंद्र ने बताया कि दिल्ली, नोएडा, इंदिरापुरम और एनसीआर के अन्य क्षेत्रों में आया भूकंप का केंद्र 28.59 उत्तरी अक्षांश और 77.16 पूर्वी देशांतर पर था। अभी तक संपत्ति या जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

मुख्यमंत्री-घड़ियाल अभ्यारण्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुरैना में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य जायेंगे, जहाँ घड़ियालों को चंबल नदी में छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव करह धाम आश्रम का भ्रमण कर वहां संचालित गतिविधियों का अवलोकन भी करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव वन्य-जीव पर्यटन को एक नया आयाम देने के लिए चंबल नदी के घड़ियाल अभयारण्य की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर पर्यटन सुविधाओं का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश बाघ, तेंदुआ और घड़ियाल जैसे प्राणियों की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है। उन्होंने कहा कि देश में ही नहीं पूरे विश्व में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि विश्व में लगभग तीन हजार घड़ियाल हैं, तो इनमें से 85 प्रतिशत चंबल नदी में हैं। अभयारण्य का मुख्य उद्देश्य लुप्तप्राय घड़ियाल, लाल मुकुट वाले छत कछुए और लुप्तप्राय गांगेय डॉल्फिन को संरक्षित करना है।

वॉटर स्पोर्ट्स-मुख्यमंत्री

आज से भोपाल के बोट क्लब में 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्टस प्रतियोगिता का शुभारंभ होने जा रहा है। मध्यप्रदेश पुलिस की मेजबानी में 21 फरवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इसमें 22 राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों और केन्द्रीय सशस्त्र बलों के 557 प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लिया जाएगा। इसमें 132 महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगी। इसमें केनोइंग, क्याकिंग तथा रोइंग की कुल 27 स्पर्धाएं होंगी। इसमें कुल 360 पदक रखे गए हैं। पांच दिवसीय प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल मौजूद रहेंगे।

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-मुख्यमंत्री

भोपाल में 24 और 25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए तैयारियां जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 2 दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में "एक जिला-एक उत्पाद" एक्स-पो प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों और हस्तशिल्प को वैश्विक मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के उद्योगों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। एक्स-पो में प्रदेश के 38 ओडीओपी उत्पादों के लिए विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया है। लाइव काउंटर में बाघ प्रिंट, जरी जरदोजी, बाटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया को कारीगरों द्वारा लाइव प्रस्तुत किया जाएगा। खास बात यह है कि प्रतिनिधि और अतिथि कारीगरों के मार्गदर्शन में खुद भी इन उत्पादों को बनाने का अनुभव ले सकेंगे।

महाकुंभ मेला- विशेष ट्रेन

उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए और महाकुंभ मेले के दौरान अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से प्रयागराज जंक्शन तक पांच नई महाकुंभ मेला विशेष रेलगाडियां शुरू करने जा रहा है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि कल चार ट्रेनों में से एक आनंद विहार रेलवे स्टेशन से और बाकी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से चलाई गई। उन्होंने कहा कि इन रेलगाडियों के प्रस्थान का समय प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से रात्रि 9 बजे के बीच निर्धारित किया गया है। इस बीच नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए उत्तर रेलवे ने कई उपाय किए हैं। प्रयागराज जाने वाली सभी विशेष ट्रेनें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 16 से संचालित की जाएंगी और इसके लिए प्रवेश और निकास अजमेरी गेट की तरफ से होगा।

समाचार संक्षेप में .....

डिंडोरी के जिला मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में  पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने केंद्रीय बजट 2024-25 की विशेषताओं के बताया गया।

देवी अहिल्या बाई की 300वीं जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश में  राष्ट्रसमर्थाः देवी अहिल्या की पुण्यगाथा नाट्य प्रस्तुति का संयोजन किया जा रहा है। कल  भोपाल के रवीन्द्र भवन में इस नाट्य की 12वीं प्रस्तुति दी गई।

शिवपुरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना के तहत 6 मार्च को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कराया जाएगा।  इच्छुक दम्पत्ति 19 फरवरी तक जनपद पंचायत, नगर परिषद और नगर पालिका कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के नीमच - रतलाम दोहरीकरण कार्य के तहत हरकिया खाल से मल्हारगढ़ खंड में 13 किलोमीटर खंड का भी दोहरीकरण कार्य को पूरा कर लिया गया है।

-------